अंधकार के पार

# रविवार की भागीदारी के लिए योजना के विचार

## मानव तस्करी के पीड़ितों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय प्रार्थना दिवस

### पवित्रशास्त्र का विषय

'चोर किसी और काम के लिये नहीं परन्तु केवल चोरी करने और घात करने और नष्ट करने को आता है। मैं इसलिये आया कि वे जीवन पाएं, और बहुतायत से पाएं'
(यूहन्ना १०:१०)।

### आज का रविवार विशेष क्यों है?

आधुनिक गुलामी और मानव तस्करी (MSHT) क्या है? मुक्ति फौज आधुनिक गुलामी और मानव तस्करी का प्रतिउत्तर देने के लिए गहराई से प्रतिबद्ध है। हमारे पास एक धार्मिक और ऐतिहासिक अधिकृत आदेश है। हम यह विश्वास रखते हैं कि शोषण मुक्त संसार के लिए मुक्ति फौज का जवाब यह है कि प्रार्थना ही एकमात्र बुनियादी रास्ता है। आधुनिक गुलामी आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और कानूनी स्थितियों के परिणामस्वरूप उत्पन्न होती है जो हीन भावना की स्थिति पैदा करती हैं जिसमें वे जो गुलाम हैं वे खुद को पाते हैं। आज, दुनिया भर में ४० मिलियन से अधिक पुरुष, महिलाएं और बच्चे हैं जो आधुनिक गुलामी और मानव तस्करी से प्रभावित हैं। इनमें से १५ मिलियन से अधिक जबरन विवाहित हैं, २४ मिलियन से अधिक लोग बंधुआ मजदूरी की स्थिति में हैं और शोषित लोगों में से लगभग ३० प्रतिशत बच्चे हैं।

### विश्व स्तर पर मुक्ति फौज किस प्रकार प्रतिक्रिया दे रही है?

हम अपने आठ फोकस कार्य क्षेत्र के माध्यम से १०८ देशों में आधुनिक गुलामी और मानव तस्करी का सक्रिय रूप से जवाब दे रहे हैं: प्रार्थना, रोकथाम, भागीदारी, सुरक्षा, अभियोजन, साझेदारी, नीति और सबूत। हर एक टैरिटरी/देश में एक संपर्क व्यक्ति है जो इन क्षेत्रों में काम बढ़ाने के लिए समर्पित है और हम आपको इस प्रतिक्रिया में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं। २०२१ में, हमने ९,७९५ बचाए गए लोगों के साथ सेवा की और यात्रा की।

**बोले जाने वाले शब्दों के द्वारा प्रार्थना समय :** कृपया बोले जाने वाले शब्द प्रार्थना सामग्री देखें।

### गीत विचार (कुंजी पंक्तियों के साथ)

- **'अमेजिंग ग्रेस (मेरी जंजीरें चली गई)'** (मुझे मुक्त कर दिया गया है। मेरे परमेश्वर, मेरे उद्धारकर्ता ने मुझे छुड़ाया है)
- **'हेयर आए एम टू वरशिप'** (दुनिया के प्रकाश आपने अंधेरे में कदम रखा)
- **'लाइट इन द डार्कनैस'** (अंधेरे में प्रकाश बनो, हृदयहीन के लिए हृदय बनो)
- **'वे मेकर'** (अंधेरे में प्रकाश, मेरे प्रभु जो आप हैं)
- **'इन क्राइस्ट अलोन'** (उसका शरीर जमीन में पड़ा था, दुनिया का प्रकाश अंधकार से मारा गया, फिर गौरवशाली दिन में फूट पड़ा, वह कब्र से फिर जी उठा)
- **'अमेजिंग ग्रेस'** (मैं एक बार खो गया था, लेकिन अब मिल गया हूं, अंधा था, लेकिन अब मैं देखता हूं)
- **'देयर आर पीपल हर्टिंग इन द वर्ल्ड आउट देयर'** (उन्हें आपकी जरूरत है, उन्हें मेरी जरूरत है, उन्हें मसीह की जरूरत है)
- **'आए एम नो लॉगर अ स्लेव टू फियर** (हम अपने बंधन से मुक्त हो गए हैं)

**बाईबल संदेश और चिंतन :** कृपया वयस्क, युवा और बाल सामग्री देखें

अंधकार के पार

# रविवार की भागीदारी के लिए योजना के विचार

## मानव तस्करी के पीड़ितों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय प्रार्थना दिवस

### सामूहिक सहयोगी समर्पण प्रार्थना

अपनी मंडली और समुदाय को सहयोगी बनने और आधुनिक गुलामी और मानव तस्करी से बचाए गए लोगों के साथ एकजुटता से खड़े होने के लिए समर्पित होने के लिए आमंत्रित करें।

मुझे अंधकार के पार बेटियों और बेटों की चीखें सुनाई देती हैं, जो दूसरों के लाभ के लिए बेच दिए गए और गुलाम बना दिए गए।

***मैं आपके साथ खड़ा हूँ।***

मुझे अगली पीढ़ी के कमजोर बच्चे दिखाई देते हैं जो सांसारिक सुखों के लाभ के लिए लक्षित हैं।

***मैं आप के लिए लड़ूँगा।***

मैं फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं के साथ खड़ा हूं, उत्पीड़न के शिकार लोगों की आजादी के लिए आवाज उठा रहा हूं और बचाए गए लोगों के साथ चल रहा हूँ।

***मैं आपको मानता हूँ।***

आधुनिक गुलामी और मानव तस्करी में मैंने जाने-अनजाने जिन तरीकों से योगदान दिया है, उसके लिए मैं शोक करता हूँ मेरी अज्ञानता, मेरे विशेषाधिकार और मेरी खर्च करने की शक्ति के माध्यम से।

***मैं अंधा होने से इंकार करता हूँ।***

मेरी और आप लोगों की प्रार्थनाएँ अमल में आएं क्योंकि हम एक साथ अन्याय के खिलाफ लड़ते हैं।

**हम तब तक स्वतंत्र नहीं हैं जब तक हम सभी प्रकाश का अनुभव नहीं करते।**

*जीन नांगवाला, जाम्बिया द्वारा लिखित*

### दोपहर का भोजन

एक साथ भोजन करें और उन लोगों के लिए परमेश्वर के प्रेम को दर्शाना जारी रखें जो आधुनिक गुलामी और मानव तस्करी के शिकार हैं।

### प्रार्थना अमल में

यहां कुछ अन्य विचार दिए गए हैं कि रविवार की सभा के अलावा आप और आपकी कोर इस दिन को सम्मानित करने में कैसे भाग ले सकते हैं:

- प्रार्थना समुदाय की सैर का आयोजन करें
- मानव तस्करी की रोकथाम के लिए बाइबल अध्ययन/छोटे समूह के लिए अपने समुदाय को आमंत्रित करें
  - आप इसे शारीरिक रूप से मिलकर कर सकते हैं यदि प्रतिबंध नहीं हैं, या छोटे समूहों में। आप इसे व्हाट्सएप, ज़ूम, फेसबुक या कोई अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी कर सकते हैं
  - याद रखें कि आप सामग्री को अपने समुदाय के अनुकूल बना सकते हैं! अगर आपको इसकी जरूरत है तो कृपया सम्पर्क करें।
- एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करें जो आपके समुदाय में मानव तस्करी के मूल कारणों को संबोधित करे। आपकी टैरीटरी/देश में जो हो रहा है उसे साझा करने के लिए आप टैरीटोरियल/राष्ट्रीय संपर्क व्यक्ति को आमंत्रित करें और चर्चा करें कि किस तरह से आप और आपकी कोर इसमें शामिल हो सकते हैं।